छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

राष्ट्रीय सेवा योजना – प्रकोष्ठ

क्र / छगस्वावितविवि / रासेयो / 2025–26 / 206 भिलाई, दिनांक : 25/07/25

प्रति,

रजिस्ट्रार / डायरेक्टर / प्राचार्य,
सम्बद्ध रा.से.यो., छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद
तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई

**विषय : राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार संबंधी।**

**संदर्भ : राज्य एनएसएस अधिकारी का पत्र क्रमांक 838 / उ.शि. / 272 / रासेयो / 2012 / 2025 रायपुर, दिनांक 22 / 07 / 2025 (संलग्न)**

***

विषयांतर्गत लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों / कार्यक्रम अधिकारियों / स्वयंसेवकों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहन देने एवं भविष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना **राज्य स्तरीय पुरस्कार** वर्ष 2024–25 (क्रियान्वयन वर्ष 2025–26) हेतु आवेदन आमंत्रित है।

पुरस्कार उपरोक्त पांच श्रेणियों में विश्वविद्यालय रा.से.यो. प्रकोष्ठ में आमंत्रित किये जाने हैं। प्राप्त आवेदन का विश्वविद्यालय स्तर पर चयन समिति के द्वारा चयन कर राज्य एन.एस.एस. प्रकोष्ठ, रायपुर को प्रेषित किये जावेंगे।

अतः विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के अतंर्गत आने वाली प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों से राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु **श्रेष्ठ इकाई / संस्था स्तर –01, कार्यक्रम अधिकारी स्तर –01 एवं स्वयंसेवक स्तर – छात्र–01, छात्रा–01 हेतु आवेदन आमंत्रित है।**

**पुरस्कार प्रस्ताव प्रेषण हेतु आवश्यक निर्देश :–**

1. राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए विश्वविद्यालय को आवेदन प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 निर्धारित की गयी है** अतः समय–सीमा का ध्यान रखें। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रासेयो स्थापना दिवस 24 सितम्बर में सुनिश्चित होना है।
2. प्रत्येक आवेदन प्रस्ताव के साथ 1 पृष्ठ की संक्षेपिका (मुख्य कार्यो से संबंधित) तथा चेकलिस्ट अनिवार्य रुप से संलग्न किया जावे। **आवेदन प्रस्ताव 100 पृष्ठ से अधिक नहीं होनी चाहिए।** अनावश्यक फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग संलग्न नहीं करें।
3. राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर गठित चयन समिति से चयनित प्रस्ताव ही राज्य स्तर पुरस्कार हेतु प्रेषित किये जावेंगे। श्रेणीवार आवेदन प्रपत्र–प्रारूप संलग्न है।
4. प्रस्तावों में आवेदक, कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य के हस्ताक्षर अनिवार्य रुप से किया जाना चाहिये।

क्रमशः : ........................2

Prog. Co-ordinatior, 9424514075 (O) : 0788-2445032 nss@csvtu.ac.in www.csvtu.ac.in (NSS)
@Nsscsvtu cg @nsscsvtu_cg @nsscsvtu_cg
Utai Road, Nevai, Bhilai Distt. - Durg Pin Code - 491107 (C.G.)

अतः अपनी संस्था से उपरोक्तानुसार पुरस्कारों हेतु आवेदन/नामांकन प्रेषित करने बाबत् अपने कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्न :– संदर्भित पत्र एवं आवेदन प्रारुप।

**नोट** : शासन से किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर सूचित किया जावेगा।

डॉ. डी. एस. रघुवंशी
कार्यक्रम समन्वयक–रासेयो,
छगस्वावितविवि, भिलाई

कुलसचिव 21.7.25
छगस्वावितविवि, भिलाई

पृ. क्र./छगस्वावितविवि/रासेयो/2025–26/ 207
भिलाई, दिनांक : 25/07/25

प्रतिलिपि :

1. निज सचिव, मा. कुलपति, छगस्वावितविवि, भिलाई को सूचनार्थ।
2. राज्य एनएसएस अधिकारी, छ.ग. शासन, उ.शि. विभाग, अटल नगर नवा रायपुर को सूचनार्थ।
3. समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को सूचनार्थ।

डॉ. डी. एस. रघुवंशी
कार्यक्रम समन्वयक–रासेयो,
छगस्वावितविवि, भिलाई

कुलसचिव 21.7.25
छगस्वावितविवि, भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर
---00---

क्रमांक 838 / उ.शि. / 272 / रासेयो / 2012 / 2025 रायपुर, दिनांक 22/07 / 2025

प्रति,

समस्त कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
रासेयो युक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़।

**विषय :- राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार संबंधी ।**

---00---

विषयांतर्गत लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना में सत्र 2024-25 (कियान्वयन वर्ष 2025-26) हेतु निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किये जाने हैं ।

1. विश्वविद्यालय स्तर - 01 पुरस्कार **राशि रू. 35,000/-**
2. जिला संगठक, रासेयो - 01 पुरस्कर **राशि रू. 25,000/-**
3. श्रेष्ठ संस्था (इकाई) स्तर - 02 पुस्कार (प्रत्यके हेतु 30,000/-) **राशि रू. 60,000/-**
4. कार्यकम अधिकारी स्तर - 04 पुरस्कार (प्रत्यके हेतु 20,000/-) **राशि रू. 80,000/-**
5. स्वयंसेवक स्तर - 20 पुरस्कार (प्रत्यके हेतु 15,000/-) **राशि रू. 3,00,000/-**

राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वर्ष 2024 चयन हेतु विश्वविद्यालयीन स्तर से पूर्वानुसार समिति द्वारा चयनित प्रस्ताव विभिन्न श्रेणीयों के अंतर्गत निम्नानुसार संख्या में प्रेषित किये जावें ।

1. **विश्वविद्यालय स्तर पुरस्कार - (01)** :- इस श्रेणी के पुरस्कार हेतु प्रत्येक रासेयो विश्वविद्यालयीन प्रकोष्ठ से 01 पुरस्कार प्रस्ताव प्रेषित किये जाऐंगे ।
2. **जिला संगठक, रासेयो स्तर पुरस्कार- (01)** :- इस श्रेणी के पुरस्कार हेतु प्रत्येक रासेयो विश्वविद्यालयीन प्रकोष्ठ से 01 पुरस्कार प्रस्ताव प्रेषित किये जाऐंगे ।
3. **श्रेष्ठ संस्था स्तर पुरस्कार - (02)** :- इस श्रेणी के पुरस्कार हेतु प्रत्येक रासेयो विश्वविद्यालयीन प्रकोष्ठ से 01 महाविद्यालय स्तर हेतु तथा 01 विद्यालय स्तर हेतु पुरस्कार प्रस्ताव प्रेषित किये जाऐंगे ।
4. **कार्यकम अधिकारी स्तर पुरस्कार- (04)** :- इस श्रेणी के पुरस्कार हेतु प्रत्येक रासेयो विश्वविद्यालयों से 02 महाविद्यालय स्तर तथा 02 विद्यालय स्तर के प्रस्ताव प्रेषित किये जाऐंगे ।
5. **स्वयंसेवक स्तर पुरस्कार - (20)** :-

| क. | विश्वविद्यालय | महाविद्यालय एवं विद्यालय स्तर पर प्रेषित प्रस्ताव संख्या | राज्य स्तर पर चयन हेतु प्रेषित कुल प्रस्ताव | चयनित होने वाले पुरस्कार की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सम्भाग स्तर पर स्थित विश्वविद्यालयीन प्रकोष्ठ<br>1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्या. रायपुर<br>2. हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय<br>3. शहीद महेन्द्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय<br>4. अटल बिहारी बाजपेयी वि.वि. बिलासपुर, 5. संत गहिरा गुरू विश्वविद्याल. अम्बिकापुर<br>6. शहीद नंद कुमार पटेल वि.वि. रायगढ़ | प्रत्येक विश्वविद्यालय से 03 प्रविष्ठियॉं महाविद्यालय स्तर हेतु - कुल 18 प्रस्ताव<br>विद्यालय स्तर हेतु - 02 प्रस्ताव<br>कुल प्रस्ताव - 12 | 18 महाविद्यालय<br>12 विद्यालय<br>कुल -30<br>पुरस्कार प्रस्ताव | महाविद्यालय स्तर - 11<br>विद्यालय- **06** |
| 02. | 7. इंदिरा गांधी कृषि विश्ववि. रायपुर | 03 पुरस्कार प्रस्ताव | कुल प्रस्ताव --03 | महाविद्यालय-**01** |
| 03. | 8. स्वामी विवेकानंद तकनीकी वि.वि. | 03 पुरस्कार प्रस्ताव | कुल प्रस्ताव - | महाविद्यालय-**01** |
| 04. | 9. गुरू घासीदास केन्द्रीय वि.वि., | 02 पुरस्कार प्रस्ताव | 02 पुरस्कार | महाविद्यालय-**01** |

.........2

राष्ट्रीय सेवा योजना
आवक क्र. 198
दिनांक 23/07/25
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय

**पुरस्कार प्रस्ताव प्रेषण हेतु आवश्यक निर्देश :–**

1. राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **02 सितम्बर, 2025 निर्धारित की गयी है** अतः समय–सीमा का ध्यान रखें। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रासेयो स्थापना दिवस 24 सितम्बर में सुनिश्चित होना है ।

2. प्रत्येक आवेदन प्रस्ताव के साथ 1 पृष्ठ की संक्षेपिका (मुख्य कार्यों से संबंधित) तथा चेकलिस्ट अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाये । **आवेदन प्रस्ताव 100 पृष्ठ से अधिक नहीं होनी चाहिए** । अनावश्यक फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग संलग्न नहीं करें ।

3. राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर चयन हेतु, इस कार्यालय के पत्र कमांक 396–397 दिनांक 05.12.2016 द्वारा प्रेषित निर्देशानुसार समिति गठन की जावें तथा समिति से चयनित प्रस्ताव ही राज्य स्तर पुरस्कार हेतु प्रेषित किये जावें । श्रेणीवार आवेदन प्रपत्र–प्रारूप संलग्न है ।

4. प्रस्तावों में आवेदक, कार्यक्रम समन्वयक एवं मान. कुलपति के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से होना चाहिये।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार ।

**(सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

22/7/25

(डॉ. नीता बाजपेयी)
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ. कमांक 839 / उ.शि. / 272 / रासेयो / 2012 / 2025 — रायपुर, दिनांक 22 / 07 / 2025

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निज सचिव को सूचनार्थ ।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ ।
03. कुलसचिव, संबंधीत रासेयो युक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।
04. क्षेत्रीय निदेशक रासेयो, क्षेत्रीय निदेशालय, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, मध्यप्रदेश को सूचनार्थ ।
05. संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, इंद्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ ।
06. समस्त जिला संगठक, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

22/7/25

राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग